संख्या-164/2024/285/41-2-2024-CN-1343364

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-2 **लखनऊ, दिनांक 28 मार्च, 2024**

विषय-अस्थायी पदों की निरन्तरता के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-8595/2-9(803)/ का0/2020, दिनांक 09.02.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कर्नाटक के बैंगलूरू में स्थापित किए गए क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के संचालन हेतु सृजित पदो की निरन्तरता दिनांक 28.02.2025 तक के लिए जारी करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पर्यटन निदेशालय, उ0 प्र0 के अधीन संलग्न सूची में वर्णित विभिन्न श्रेणी के अस्थायी पदों की निरन्तरता दिनांक 28.02.2025 तक, यदि उक्त पद बिना किसी पूर्व सूचना के इससे पूर्व ही समाप्त न कर दिये जायं, बढ़ाये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उक्त वर्णित पदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के लेखाशीर्षक ''3452- पर्यटन-80-सामान्य-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अधिष्ठान-पर्यटन निदेशालय'' के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

4- उक्त आदेश वित्त (लेखा) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-ए-2-2574/दस-98- 24(8)/92, दिनांक 02.12 1998 में प्रदत्त प्राधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव

संख्या व दिनांक तादैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा महानिदेशक, पर्यटन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

4. समस्त संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी द्वारा महानिदेशक, पर्यटन।
5. नियोजन अनुभाग-3 उ0प्र0 शासन।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन।
7. वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव

पत्र संख्या- /2024/आई/ /41-1001(099/1/2021, दिनांक मार्च, 2024

विषय-पर्यटन निदेशालय के अन्तर्गत अस्थायी पदों की निरन्तरता दिनांक 28.02.2025 तक बढ़ाया जाना।

क्र0 सं0	**पद नाम**	**पदों की संख्या**	**शासनादेश की संख्या व दिनांक जिसके द्वारा पद सृजित किये गये**	**अंतिम बार बढ़ायी गयी अवधि सम्बन्धी संख्या एवं दिनांक**	**वेतनमान**		**अनुदान संख्या एवं लेखा शीर्षक**	**अभ्युक्ति**
					सदृश्य वेतन बैण्ड/पुनरीक्षित वेतनमान के अनुसार ग्रेड वेतन	**सातवें वेतन आयोग के अनुसार लेवर**		
1	2	3	4	5	6 (अ)	9 (ब)	10	11
1.	उप निदेशक, पर्यटन	01 (एक)	शासनादेश संख्या-214/2020/2485/41-2020-29(सा0)/2020, दिनांक 22.09.2020	अंतिम बार निरन्तरता शासनादेश सं0-60/2023/आई/268106/41-1001(099)/2021, दिनांक 31 जनवरी, 2023 द्वारा निर्गत की गयी है।	वेतन बैण्ड रू0 15600-39100, ग्रेड वेतन रू0 6600/-	लेवल-11	लेखाशीर्ष 3452-पर्यटन-80-सामान्य-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अधिष्ठान पर्यटन निदेशालय	
2	पर्यटन सूचना अधिकारी	01 (एक)			वेतन बैण्ड रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन रू0 2400/-	लेवल-4		
3	कनिष्ठ सहायक	01 (एक)			वेतन बैण्ड रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन रू0 2000/-	लेवल-3		
4	चतुर्थ श्रेणी	02 (दो)			वेतन बैण्ड रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन रू0 1800/-	लेवल-1		
5	स्वीपर	01 (एक)			वेतन बैण्ड रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन रू0 1800/-	लेवल-1		
योग		**06 (छः)**						

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।